Date ___/___/______ Page No.: ______

# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

**विषय** – यातायात जागरूकता

**नाम** – **कक्षा** –

**अनुक्रमांक** – 25

# यातायात जागरूकता

**रूपरेखा** – प्रस्तावना, जेब्राक्राशिंग, जेब्राक्राशिंग लाइट — लाल, हरी व पीली लाइट, STOP बोर्ड, यात्रा करते समय हमारी स्थिति — शराब पी कर या अधिक स्पीड से गाड़ी चलाकर, यातायात के नियम, उपसंहार

## प्रस्तावना –

सभ्य समाज की पहचान होती है — नियमबद्धता से। आज हम सड़क सुरक्षा की बात करेंगे, आप ने सड़को पर जेब्रा क्राशिंग, जेब्राक्राशिंग लाइट, STOP बोर्ड आदि बहुत-सी चीजे देखी होगी, सड़को के बीच मे ग्रीन मीफलर देखा होगा।

सड़क पर अनेक दुर्घटनाए होती है, जो यातायात के नियम का उलंघन करने से होता है।

## जेब्रा क्राशिंग –

सड़को पर आप ने जेब्रा क्राशिंग तो देखा ही होगा। यहां से सड़क पार किया जाता है। जेब्रा क्राशिंग सड़क के थोड़े-थोड़े दूर पर बना होता है, इससे बच्चो को बूढ़ो को और वयस्को को सड़क पार करने मे परेशानी नही होती है।

सड़क पर जहाँ सफेद रंग की पट्टियां बनी होती हैं, उसे ही जेब्रा क्राशिंग कहते है। हमे इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए की सड़क जेब्रा क्राशिंग से ही पार करें।

Scanned By Scanner Go

## जेब्रा क्राशिंग लाइट –

जेब्रा क्राशिंग लाइट का प्रयोग चौहारो पर किया जाता है। शहरो मे इसका अधिक प्रयोग किया जाता है, क्योकि शहरो मे सड़को पर अधिक भीड़ रहती है और गाँवो की सड़को पर इसका प्रयोग कम किया जाता है क्योकि ~~सड़को~~ गाँव के सड़को पर कम भीड़ होती है, कम वाहन चलते है। जेब्रा क्राशिंग लाइट मे लाल, हरी और पीली बत्ती का प्रयोग करते है।

## जेब्रा क्राशिंग लाइट मे लाल. हरी व पीली लाइट का प्रयोग –

## लाल लाइट –

जेब्राक्राशिंग लाइट मे लाल रंग की लाइट का प्रयोग इसलिए किया जाता है क्योकि लाल रंग खतरे की निशानी है जब लाल बत्ती जलती है तो यह आप को रुकने का संदेश देती है। और यह भी यातायात का एक नियम है कि जब लाल लाइट जले तो आप अपनी गाड़ी को रोक दे।

## पीली लाइट –

जेब्रा क्राशिंग लाइट मे पीली रंग की लाइट का प्रयोग इसलिए किया जाता है क्योकि लाल लाइट के बाद पीली लाइट जलती है और यह आप को तैयार करने के लिए संदेश देता है जैसे अगर आप मोटरगाड़ी से है तो हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए तैयार हो जायें और अगर आप कार मे है तो आप सीटबेल्ट ~~से~~ लगा कर कार चलाने के लिए तैयार हो जाये।

Scanned By Scanner Go

Date ___/___/______ Page No. ______

## हरी लाइट -
जेब्रा क्राशिंग लाइट मे हरी लाइट का प्रयोग इसलिए करते है जब पीली लाइट के बाद हरी लाइट जलती है तो ये आप को आगे बढ़ने का संदेश देती है। यह भी यातायात के नियमो मे से एक है की जब हरी लाइट जले तभी आप अपनी गाड़ी आगे बढ़ायें।

## STOP बोर्ड -
आप ने सड़के के अधिकतर मोड़ो मे STOP बोर्ड देखा हो और यह लाल रंग का होता है।
यह हमे यह बताता है कि मोड़ते समय हमे गाड़ी की स्पीड धीमी कर लेनी चाहिए। और यह लाल रंग की इसलिए होती है क्योकि जब रात मे गाड़ी की लाइट इस पर पड़ती है तो यह चमकने लगता है जिससे यह पता चलता है कि आगे मोड़ है और वहा से कोई और गाड़ी भी आ सकती है।

## सड़क पर यात्रा करते समय हमारी स्थिति

जब सड़क पर हम यात्रा करते है ~~कि~~ तब हमारी ~~ह~~ अनेक स्थितियाँ होती है जैसे ——

## शराब पी कर —
बहुत से यात्री ऐसे होते है जो शराब पी कर गाड़ी चलाते है और अपना सन्तुलन खो देते है। जिससे आगे चलकर वे दुर्घटना के शिकार होते है।

## अधिक स्पीड मे वाहन चलाना -
बहुत से यात्री ऐसे होते है ~~त~~ जो आवश्यकता से अधिक

Scanned By Scanner Go

Date ___/___/_______ Page No.: _______

चाल से गाड़ी चलाते है। जिससे वह खुद पर नियन्त्रण नही कर पाते है और आगे दुर्घटना के शिकार होते है।

यातायात के कुछ नियम होते है जिसे हमे पता होना चाहिए और उसका पालन करना चाहिए।

## यातायात के नियम—

यातायात के नियम निम्नलिखित है—

1. यदि हम गाड़ी चला रहे है तो सदैव अपनी बांयीं ओर से चलाये।
2. यदि आप पैदल चल रहे है तो सड़क के किनारे foot Path पर चले।
3. यदि आप मोटरबाइक से है तो आप सदैव हेलमेट का उपयोग करे।
4. यदि आप कार चला रहे है तो आप सदैव सीट बेल्ट का प्रयोग करे।
5. यदि आप सड़क पार करना चाहते है तो सदैव जेब्रा क्राशिंग से ही पार करे।
6. जेब्रा क्राशिंग की लाइट का विशेष ध्यान रख कर आगे बढ़े।
7. भारी गाड़ियो को कम वेग से चलाये।
8. आप का लाइसेन्स अवश्य हो।

यात्रा करने के लिए आप ने बहुत से रास्ते देखे होगे जैसे— रेलमार्ग, हवाई मार्ग, जलमार्ग, सड़कमार्ग। इन सभी के लिए यातायात के बहुत से नियम है जिसका आपको पालन करना चाहिए।

## उपसंहार—

सभी को सभी नियमो, सभी संकेतो को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रख कर यात्रा करनी चाहिए ताकि वह दुर्घटना के शिकार न हो।

Scanned By Scanner Go
"I sincerely believe that Indians have the ability to compete with the best in the world." - Dhirubhai Ambani